an>

Title: Need to include Madan Mohan Mandir, Karauli, Rajasthan in Krishna circuit.

डॉ मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर) ः मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर के करौली जिला मुख्यालय पर स्थित श्री मदनमोहन मंदिर की ओर आकर्षित करवाना चाहता हूँ।

श्री मदनमोहन मंदिर कृष्ण भक्तों में श्री गोविन्द देव जी मंदिर, जयपुर के समकक्ष ही श्रद्धेय एवं पूजनीय है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्री गोविन्द देव जी मंदिर, जयपुर तथा श्री गोपीनाथ जी मंदिर एवं श्री मदनमोहन जी मंदिर करौली के दर्शन एक ही दिन करने पर श्री कृष्ण भगवान की सम्पूर्ण छवि के दर्शन पूर्ण माने जाते हैं।

करौली के राजा श्री गोपाल सिंह जी, श्री मदनमोहन जी को जयपुर के महाराज से मांग कर करौली लेकर आये तथा राजमहल में प्रतिमा की स्थापना कर विशाल मंदिर क्षेत्र चिन्हित करवा दिया। आज भी बड़ी संख्या में श्री चैतन महाप्रभु को मानने वाले सप्रदाय के भक्त बंगाल, उड़ीसा तथा इस्कॉन आन्दोलन से जुड़े श्री कृष्ण के हज़ारों अनुयायी दूर-दूर से राजस्थान आकर इन तीनों मंदिरों के दर्शन एक ही दिन में कर अपने आपको धन्य समझते हैं।

भारत सरकार जब धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए श्री कृष्ण सर्किट का निर्माण कर रही है, तब इस पूर्व निर्मित धार्मिक सर्किट से श्री मदनमोहन जी मंदिर करौली को अलग करना उचित नहीं है। यदि श्री मदनमोहन जी मंदिर करौली को इस सर्किट में शामिल किया जाता है तो इससे जिले में स्थित अन्य महत्वपूर्ण धार्मिक तीर्थ जैसे श्री महावीर जी, श्री कैला देवी जी, मेहन्दीपुर बालाजी का भी विकास हो सकेगा। जिससे जिले के विकास को गति मिलेगी।

अतः मेरा केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जी से आग्रह है कि कृष्ण सर्किट में श्री मदनमोहन जी मंदिर करौली को भी जोड़ा जाए। सरकार का यह कदम क्षेत्र के स्थानीय तथा बाहर से आने वाले लाखों कृष्ण भक्तों के लिए बहुत हितकर होगा। इससे इस क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी।